सफल राजस्थान

मजबूत इरादे, बढ़ते कदम

डाक पं. संख्या :
जयपुर सिटी/129/2018-20

सफल राजस्थान
न्यूज पेपर से जुड़ने के
लिये संपर्क करें।
safalraj2012@gmail.com
web : www.safalrajasthan.com
Contact
8829966661
9251166661
9214466661

वर्ष- 3 अंक-35 RNI. NO : RAJHIN/2016/69327 सोमवार, जयपुर 15 अप्रेल, 2019 साप्ताहिक पृष्ठ-4 मूल्य : 7 रुपए

फिर मिलने के वादे के साथ जस-19 का समापन

तीन दिन में 21 हजार से अधिक विजिटर्स आए

अगला शो भी होगा अप्रेल में

देश-विदेश के सात हजार बायर्स ने की ट्रेड इंक्वायरी

सफल राजस्थान

जयपुर। चार दिन तक कलर स्टोन और ज्वैलरी के नायाब और मनमोहक डिजाइनो की चकाचौंध चमक बिखेरने के साथ देश के नामी ज्वैलरी शो जस 19 का मंगलवार को समापन हो गया। 'रियल इज रेयर' थीम पर 6 से 9 अप्रेल तक इस शो का आयोजन सीतापुरा स्थित जेईसीसी परिसर में ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर के तेरहवे संस्करण के रूप में हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में रीको एमडी गौरव गोयल मौजूद थे। शो की सफलता का अंदाजा इसी बात से लग जाता हैं कि विजिटर्स के लिए तीन दिन ही प्रवेश रहा, इसके बावजूद मात्र तीन दिन मे इक्कीस हजार से ज्यादा विजिटर्स शो का हिस्सा बने। इसके साथ ही अगले साल जस-20 के आयोजन होने का ऐलान भी कर दिया गया। खास बात यह रही कि इस साल शो में आए बायर्स ने अगले साल फिर शो में आने की हामी भरी। जबकि कई बायर्स ने तो इस शो को अपने सालाना बिजनेस बैलेंस में शामिल कर लिया है। शो के अन्तिम दिन देश की प्रख्यात पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल और हाल ही में लोकसभा की कांग्रेस द्वारा जयपुर शहर की घोषित प्रत्याशी ज्योति खण्डेलवाल ने शो का विजिट किया और प्रत्येक बूथ पर प्रदर्शित जैम स्टोन और ज्वैलरी को परखा।

कारोबार को मिला नया आयाम

अध्यक्ष संजय काला व सचिव डीपी खण्डेलवाल ने बताया की जस हाई एण्ड ज्वैलरी व्यापारी एवं खुदरा उपभोक्ताओ के लिए एनुअल डेस्टीनेशन बन गया है। देश-विदेश से आए करीब सात हजार अधिक ट्रेड बायर्स ने जहाॅ रंगीन रत्नों के अलावा विभिन्न समारोह में पहनी जाने वाली जयपुर की पहचान कुंदन-मीना-पोलकी एवं जडाउ ज्वैलरी में रूचि दिखाई वहीं आम विजिटर्स में खासतौर पर युवतिया आधुनिक एवं आकर्षक लुक वाली लाईटवैट ज्वैलरी, ईयरिंग्स, ब्रेसलेट में स्टेटमेंट पीसेज की डिमांड करती नजर आई। साथ ही वेडिंग सीजन के साथ रूटीन ज्वैलरी की बुकिंग भी काफी संख्या में हुई। बायर्स की शो में दिलचस्पी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पहला दिन बीटूबी होने के बाद भी बडी संख्या में बायर्स चार दिन तक शो में शामिल रहे।

अगला शो भी होगा अप्रेल में

काला व खण्डेलवाल ने आगे कहा की पहली बार जस का आयोजन अप्रेल में किया गया। इसकी सफलता को देखते हुए आयोजन समिति ने जस के चौदहवें संस्करण का आयोजन भी अगले साल अप्रेल में ही करने का फैसला किया हैं। जस-20 का आयोजन 10 अप्रेल से 13 अप्रेल 2020 तक होगा।

एमरल्ड पैवेलियन को नई पहचान

शो कन्वीनर रामशरण गुप्ता ने बताया की पन्ने की नगरी से पहचाने जाने वाले जयपुर में हुए जस 19 में कलरफुल एमरल्ड पैवेलियन को भी जबरदस्त रेस्पाॅस मिला कई देशों से लाए गए पन्ने की खरड के साथ फिनिश्ड स्टोन को लेकर ना सिर्फ बडी संख्या में क्वैरी आई बल्कि जौहरियों ने सीजन के हिसाब से बुकिंग भी करवाई यह पहला मौका था जब किसी शो में 'एमरल्ड' के लिए अलग से पैवेलियन बनाया गया।

रैफरल और मेगा ड्रा

उन्होन आगे कहा की मंगलवार का दैनिक रैफरल ड्रा तथा चारो दिनों का संयुक्त मेगा ड्रा भी गौरव गोयल द्वारा निकाला गया। रैफरल ड्रा के प्रायोजक रामदास अशोक कुमार नोवाल द्वारा पचास हजार रूपये की तथा मेगा ड्रा के प्रायोजक रामभजों द्वारा एक लाख की ज्वैलरी विजेताओ को दी जाएगी।

सहसंयोजक अशोक बागला व मनोज धांधिया ने बताया की शो में बने साढ़े चार सौ बूथो में से सत्तर परसेंट डिजाईनर बूथ बनवाई गई। ईन डिजाईनर बूथ को तैयार करने के लिए जयपुर के अलावा दिल्ली, कलकत्ता और मुम्बई से कारीगर बुलवाए गए। इस शो में एक से एक बढ़कर डिजाईनर बूथ नजर आई इन ही बूथों में से बेस्ट बूथ का चयन किया गया। जिसमें

डिजाईनर बूथ को मिला अवार्ड

जैम्स कैटेगरी में पहले स्थान पर आरएमसी जैम्स, दूसरे स्थान पर अंष ज्वेल्स और तीसरे स्थान पर ब्लिस जैम्स एण्ड मिनरल को सम्मान मिला। इसी तरह ज्वैलरी सेक्शन में से बेस्ट डिजाइनर बूथ का पहला स्थान पर रही ज्वैल्स ऑफ जयपुर, दूसरे स्थान पर जयपुर रत्ना और तीसरे स्थान पर घाटीवाला ज्वैलर्स को सम्मानित किया। सांत्वना पुरस्कार करणीकरा ज्वैलर्स को मिला। डिजाईनर बूथो के चयन के पैनल में एआरजी समूह के चेयरमैन आत्माराम गुप्ता, विख्यात आर्किटेक्ट अनूप बरतिया, आर्किटेक्ट रितु खण्डेलवाल और मणिपाल यूनिवर्सिटी की इंटीरियर प्रोफेसर स्नेहा सिंह शामिल हुए।

कांग्रेस का अर्थ लूट और झूठ : प्रकाश जावेड़कर

'सत्ता में आते ही घोटाले करती है कांग्रेस'

सफल राजस्थान

जयपुर। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री एवं लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का अर्थ लूट और झूठ है। कांग्रेस के राजस्थान और मध्य प्रदेश में सश्रा में आते ही घोटाले करने शुरू कर दिये। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के मुख्यमंत्री के अतिविश्वसनीय दो ओएसडी आर.के. मिगलानी, प्रवीण कक्कड़ सहित प्रतीक जोशी, एल.सी. चलानी एवं हिमांशु शर्मा के पास से करोड़ों रूपये जिस प्रकार से बरामद हुए है, जो कि लूट-खसोट की मानसिकता को दर्शाता है।

जावड़ेकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ट्राँसपोर्ट, एक्ससाईज, पोषण-आहार, खनन, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग सहित अनेक विभागों से पैसा ऐंठना शुरू कर दिया। डायरी में 280 करोड़ के हिसाब की चर्चा है तथा 20 करोड़ रूपये कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय भी पहुँचे हैं, इस तथ्य पर भी कांग्रेस पार्टी को स्पष्टीकरण देना चाहिए। कांग्रेस को जवाब देना चाहिए कि इतना पैसा कहां, कैसे, किसके माध्यम से और किसके लिए इकट्ठा किया गया था। जावड़ेकर ने कहा कि लोग भाजपा को 'दमदार नेतृत्व', 'भारत की सुरक्षा' तथा 'सबका साथ-सबका विकास' के लिए वोट दे रहे है। पूरे देश में लोग खुलकर मोदी जी का समर्थन कर रहे हैं।

भाजपा के संकल्प पत्र में व्यापारियों को प्रमुखता दिए जाने पर

राजस्थान प्रदेश के व्यापारियों की शीर्ष संस्था फोर्टी ने संकल्प पत्र का किया स्वागत

सफल राजस्थान

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज 8 अप्रैल जारी अपने चुनाव संकल्प पत्र में व्यापारियों के अनेक मुद्दों को शामिल करने पर फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इंडस्ट्री (फोर्टी) ने स्वागत करते हुए कहा की भाजपा ने फोर्टी द्वारा लम्बे समय से उठाये गए मोद्दों को अपने संकल्प पत्र में शामिल कर व्यापारियों को पूरी प्रमुखता दी है जिससे राजस्थान प्रदेश के व्यापारी बेहद खुश है।

फोर्टी के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने भाजपा के संकल्प पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की फोर्टी की मांगों को स्वीकार करते हुए भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में छोटे दुकानदारों को 60 वर्ष के व्यपारियों को पेंशन योजना व एक राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड गठित करने एवं रिटेल व्यापार पर एक राष्ट्रीय नीति बनाने का वचन दिया है जिससे राजस्थान प्रदेश का रिटेल व्यापार सुगठित तरीके से वृद्धि करेगा।

जीएसटी में पंजीकृत प्रत्येक व्यापारी को 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा देने से व्यापारियों को आर्थिक सुरक्षा प्राप्त होगी वहीं दूसरी ओर व्यापारियों को पेंशन देने का वचन भी व्यापारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेगा। किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज़ पर व्यापारी क्रेडिट कार्ड देने के वचन से व्यापारियों को कर्ज लेने में आसानी होगी। यह सारे विषय व्यापारियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और देश में घरेलू विकास को बढ़ावा देंगे।

राजस्थान में बिगड़ी कानून व्यवस्था

जयपुर (सफल राजस्थान)। भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम दीक्षित ने कहा कि राजस्थान के अजमेर में गुजरात से आयी महिला के साथ गैंगरेप की घटना पूरे राजस्थान और समाज को शर्मसार करती है। अजमेर में जियारत को आई युवती के साथ 8 असामाजिक तत्वों के द्वारा दुष्कर्म किया गया। वहीं दूसरी घटना में चौमूं गांव में महिला पर तेजाब फैंका गया। इन दोनों घटनाओं के मध्यनजर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को तत्काल प्रभाव के कड़ा रूख अपनाना चाहिये। उन्हें राज्य में कानून व्यवस्था को सख्त करना चाहिये ताकि फिर कोई असामाजिक तत्व किसी भी महिला के साथ ऐसे कृत्य ना कर सके और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जानी चाहिये।



Ambika Creations
MEN'S BOUTIQUE
Designer Jacket
Kurta Pajama
Sherwani & Suit's
Dinesh Agarwal
98870 59877
F-2, Brindavan Complex,
First Floor, Central Spine,
Vidhyadhar Nagar, Jaipur - 302039

मीडिया के क्षेत्र में करियर
बनाने का सुनहरा अवसर...
सफल राजस्थान
राजस्थान के सभी जिलों में
'सफल राजस्थान'
समाचार पत्र में कार्य करने के लिये
युवक/युवतियों की आवश्यकता है।
safalraj2012@gmail.com
जी-48, सिने स्टार (सिटी स्टार), सेंट्रल स्पाईन,
विद्याधर नगर, जयपुर-पिन. 302039
मो. 8829966661, 9214466661

जलियांवाला नरसंहार की 100वीं बरसी पर लगाए 100 पौधे

उधमसिंह से युवा प्रेरणा लेकर आगे बढे : अजयपाल

सफल राजस्थान

जयपुर। जलियांवाला नर संहार की 100वीं बरसी पर आज जगतपुरा रोड स्थित गरुद्वारा परिसर में श्री कल्पतरु संस्थान की ओर से शहीदों की स्मृति में पौधारोपण कर श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से शहीदों को नमन किया गया ! कार्यक्रम संयोजक सरदार हरभजन सिंह ने बताया की इस अवसर पर संस्थान की और से सौ वीं बरसी पर सौ फ़लदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में सिख समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अजयपाल सिंह और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमेन जसबीर सिंह आदि ने सम्भोदित किया।उन्होंने जलियाँवाला काण्ड पर बोलते हुए कहा की आज के युवाओं को शहीद उधम सिंह जैसे वीरों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। जसबीर सिंह ने श्रद्धांजलि सभा के बाद पौधारोपण कार्यों को बढ़ावा देने की अपील की। ब्रिटेन के प्रधानमन्त्री के बयान की जलियाँवाला ब्रिटिश शासन की सबसे शर्मनाक घटना है के बाद संस्थान ने इस श्रद्धांजलि सभा को न भूलें है - न भूलेंगे जलियाँवाला के नाम पर आयोजित किया। संस्थान ने सभा के माध्यम से मांग की है की ब्रिटिश सरकार इस घटना पर माफ़ी मांगे। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने अपने हाथ से पौधे लगाकर सहभागिता दर्ज कराई।

लोकसभा चुनावों को लेकर सांगानेर विधानसभा में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की बड़ी मीटिंग हुई

कई बीजेपी कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

सफल राजस्थान

जयपुर। आज मानसरोवर में कांग्रेस ऑफिस पर कार्यकर्ताओं की बड़ी मीटिंग पार्टी प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज के नेतृत्व में हुई। सबसे पहले बीजेपी से जुड़े 100 से ज्यादा कार्यकर्ता और पदाधिकारियो ने कांग्रेस ज्वाइन की। पार्टी प्रत्याशी ज्योति खंडेलवाल और कैबिनेट मंत्री, जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह जी द्वारा कार्यक्रम में आये कांग्रेसियो में चुनावी जोश भरते हुए सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्यशी को भारी बहुमत से जीताकर संसद में भेजने का आव्हान किया।

प्रताप सिंह ने कहा कि पांच सालों से केंद्र की भाजपा सरकार की कारगुजारियों से त्रस्त आम जनता अब ऐसी सरकार को सबक सिखाय, ज्योति खंडेलवाल ने हर सुख दुख में कार्यकर्तो के साथ खड़ा रहने का वादा किया। कांग्रेस प्रत्याशी रहे पुष्पेंद्र भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं से कड़ी से कड़ी जोड़कर, राज्य में कांग्रेस की सरकार लाने के बाद केंद्र में भी कांग्रेस की सरकार बनाकर आम जन में खुशहाली लाने का आह्वाहन किया। भारद्वाज ने बताया कि गरीबी दूर करने के लिये राहुल गांधी की न्याय योजना कारगर साबित होगी, कांग्रेस की सरकार आम वर्ग की सरकार है और बीजेपी पूजी पतियों की पार्टी। इस अवसर पर स्थानीय कांग्रेस के नेताओं, वरिष्ठ कांग्रेसियों, महिलाओं, कार्यकर्ताओ के साथ, वार्ड अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश व्यास, मनोज पाण्डे, कमल वाल्मीकि, मनीष जैन, सुनील सिंगगणिया, पप्पू शर्मा, अमित सैनी, हरिओम स्वर्णकार, वरिष्ठ नेता गुलाब शर्मा, रामेश्वर नेता, संतोष शर्मा, शंकर बागड़ा, गुलाब पचेरवाल सहित सैकड़ों की तदात्त में कांग्रेस के लोग मौजूद थे।

सांध्य नीड़ बुज़ुर्ग-आवास एवं एन. के. पब्लिक स्कूल के सौजन्य से परिण्डा कार्यक्रम सम्पन्न

सफल राजस्थान

जयपुर। एन.के. पब्लिक स्कूल एवं सांध्य नीड़ बुजुर्ग-आवास के संयुक्त तत्वाधान में मुरलीपुरा क्षेत्र में पक्षियों के लिए परिण्डे बांधने का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सांध्यनीड़ बुजुर्ग-आवास के संस्थापक एवं एन. के. शिक्षण संकुल के प्रबंध निदेशक डॉ. एन. सी. लुनायच एवं एन. के. पब्लिक स्कूल के निदेशक व सांध्यनीड़ बुजुर्ग-आवास के कोषाध्यक्ष कुलदीप सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

डॉ. एन. सी. लुनायच ने कहा कि पक्षी प्रकृति के सजग प्रहरी हैं। इस तीव्र गर्मी में उन्हें छाँया एवं जल उपलब्ध करवाना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। मानव अपनें संसाधनों एवं बुद्धि द्वारा अपनी समस्याओं से निजात पा लेता है किन्तु पशु व पक्षियों के पास भाषा नहीं होती। अत: वे बोलकर अपने दु:ख-दर्द को अभिव्यक्त नहीं कर सकते, उनकी पीड़ा को समझना इन्सान का ही दायित्व है।

इस अवसर पर निदेशक कुलदीप सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाने चाहिए ताकि पक्षियों को घरोंदा बनाने में मदद मिल सके, पक्षियों की चहचहाहट व्यक्ति को मानसिक सुकून देती है यह तभी सम्भव है जब हम पक्षियों के भरण पोषण की जिम्मेदारी ले एवं गर्मी में परिण्डे लगाकर उनके लिए पानी की व्यवस्था करें। इस अवसर पर एन. के. शिक्षण संकुल की मुरलीपुरा शाखा के विद्यार्थी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में एन. के. पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) की प्रधानाचार्या सुश्री चित्रा राजे बसेरा, हिन्दी माध्यम के प्रधानाचार्य वी. डी. शर्मा, सलाहकार वी. एन. त्रिवेदी व समन्वयक डॉ. नाहिद खान ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

सम्पादकीय ...

विमला देवी

हमला और चुनौती

माओवादियों ने मंगलवार को दंतेवाड़ा में भाजपा विधायक भीमा मंडावी के काफिले पर जो हमला किया उसका मकसद भी बस्तर इलाके में चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना रहा है। वे किसी भी कीमत पर चुनाव नहीं होने देना चाहते। चुनाव से ठीक पहले छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा

में माओवादियों ने भाजपा विधायक और चार पुलिस वालों को मार कर यह संदेश दिया है कि भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया, चुनावी व्यवस्था में उनका कोई भरोसा नहीं है और वे हिंसा का रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं हैं। पिछले एक हफ्ते के दौरान माओवादियों ने लगातार ऐसे हमले करके अपनी ताकत दिखाने और मौजूदगी दर्ज कराने की कोशिश की है। चार अप्रैल को माहला के जंगल में सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल पर हमला किया गया, जिसमें चार जवान शहीद हो गए थे। पांच अप्रैल को धमतरी जिले में सीआरपीएफ पर हमला हुआ और एक जवान शहीद हो गया। छह अप्रैल को माओवादियों ने प्रधानमंत्री की रैली से ठीक पहले एक विस्फोट किया। सात अप्रैल को राजनांदगांव में मुख्यमंत्री की सभा से पहले भी विस्फोट हुआ। इसके बाद दंतेवाड़ा में हमला हो गया। हालांकि यह कोई नई बात नहीं है। चुनाव के वक्त माओवादी ऐसे हमले करते रहे हैं। छह साल पहले झीरम घाटी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक काफिले पर ऐसा ही भीषण हमला किया गया था जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंद कुमार पटेल, उनके बेटे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्याचरण शुक्ल सहित तीस से ज्यादा लोग मारे गए थे। माओवादियों ने मंगलवार को दंतेवाड़ा में भाजपा विधायक भीमा मंडावी के काफिले पर जो हमला किया उसका मकसद भी बस्तर इलाके में चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना रहा है। वे किसी भी कीमत पर चुनाव नहीं होने देना चाहते। मंडावी इस इलाके में चुनाव प्रचार में जुटे थे। प्रचार खत्म होने के ठीक पहले वे जनसंपर्क के लिए श्यामगिरि पहुंचे जहां सालाना मेला चल रहा था। वहां लोगों से मिले। यहीं नक्सलियों ने उन्हें पहचान लिया और उनके लौटने वाले रास्ते में बारूदी सुरंग लगा दी। विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि मंडावी की बुलटप्रूफ स्कॉर्पियो दो सौ मीटर दूर गिरी और तीन टुकड़े हो गए। हालांकि मंडावी के साथ छत्तीसगढ़ पुलिस का पचास जवानों का पूरा दस्ता चल रहा था, लेकिन हमले की भनक किसी को नहीं थी। यह हमला बता रहा है कि माओवादी पहले से ही ऐसे हमले की तैयारी में थे, बस मौके का इंतजार था। केंद्र और राज्य सरकार माओवादियों के सफाए के भले कितने दावे करती रहें, लेकिन माओवादी आज भी पूरी ताकत के साथ मैदान में हैं। अपने इलाकों में उनका पूरा कब्जा है, और सबसे बड़ी बात यह कि उनका मजबूत खुफिया नेटवर्क है। पल-पल की खबर उन्हें रहती है। वरना ऐसे बड़े हमलों को अंजाम देना संभव नहीं होता। हालांकि कहा जा रहा है कि इस हमले के बारे में सत्ताईस खुफिया सूचनाएं थीं और स्थानीय थाना प्रभारी ने मंडावी को आगाह भी किया था। लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज किया और सर्वाधिक खतरे वाले इलाके में चले गए। दरअसल, छत्तीसगढ़ के बड़े इलाके में फैले माओवादी अपनी समांतर सत्ता चला रहे हैं। वरना कैसे जीपीएस, वायरलैस जैसे उपकरण, बारूदी सुरंग के लिए विस्फोटक और अत्याधुनिक हथियार उन तक पहुंच रहे हैं। पिछले दो दशकों में माओवादी हिंसा में करीब बारह हजार लोग मारे जा चुके हैं जिनमें करीब तीन हजार पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान हैं। ऐसे में क्या माना जा सकता है कि बड़ी संख्या में माओवादियों ने हथियार डाल दिए हैं या माओवादी हिंसा में पहले के मुकाबले काफी कमी आई है। केंद्र और राज्य सरकार के ये सारे दावे खोखले साबित हुए हैं। जिस तरह माओवादियों ने इलाकों पर अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है और बड़े हमलों को अंजाम दे रहे हैं उससे तो यही लग रहा है कि माओवादियों से निपटने में सरकार की नीतियां कामयाब नहीं रहीं।

> केंद्र और राज्य सरकार माओवादियों के सफाए के भले कितने दावे करती रहें, लेकिन माओवादी आज भी पूरी ताकत के साथ मैदान में हैं। अपने इलाकों में उनका पूरा कब्जा है, और सबसे बड़ी बात यह कि उनका मजबूत खुफिया नेटवर्क है। पल-पल की खबर उन्हें रहती है। वरना ऐसे बड़े हमलों को अंजाम देना संभव नहीं होता। हालांकि कहा जा रहा है कि इस हमले के बारे में सत्ताईस खुफिया सूचनाएं थीं और स्थानीय थाना प्रभारी ने मंडावी को आगाह भी किया था। लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज किया और सर्वाधिक खतरे वाले इलाके में चले गए।

पाठकों के पत्र

यदि आप आसपास के परिवेश से प्रभावित होकर कुछ लिखने का साहस रखते हैं, **इस पते पर लिखें।**



सफल राजस्थान

जी-48, सिने स्टार (सिटी स्टार),
सेन्ट्रल स्पाईन, विद्याधर नगर,
जयपुर -302039
ईमेल-
E-Mail : safalraj2012@gmail.com
मो. : 8829966661

मानसून के अनुमान का संकट

मौसम मापक यंत्रों की गणना के अनुसार यदि नब्बे फीसद से कम बारिश होती है तो उसे कमजोर मानसून कहा जाता है। छियानबे से एक सौ चार फीसद बारिश को सामान्य मानसून कहा जाता है। यदि बारिश एक सौ चार से एक सौ दस फीसद होती है तो इसे सामान्य से अच्छा मानसून कहा जाता है। इससे ज्यादा बारिश अधिकतम मानसून कहलाती है। भारतीय मौसम विभाग की भविष्यवाणियां अक्सर गलत साबित होती हैं, इसलिए स्काईमेट के अनुमान सटीक बैठेंगे यह कहना भी मुश्किल है। पिछले साल मौसम विभाग और स्काईमेट ने अच्छी बारिश की भविष्यवाणियां की थीं, लेकिन इसी के समांतर बादलों के छीजने की भविष्यवाणी करके यह आशंका भी जता दी थी कि वर्षा कम भी हो सकती है। नतीजतन, बारिश तो अच्छी हुई, लेकिन कुछ राज्यों में सिमट जाने के कारण बाढ़ और भूस्खलन का कारण भी बनी। केरल, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड अतिवृष्टि से बेहाल हुए। वहीं महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक में कम बारिश हुई। पिछले दस साल के आंकड़ों में एक भी साल भविष्यवाणी सटीक नहीं बैठी।

पिछले दस साल के आंकड़ों में एक भी साल भविष्यवाणी सटीक नहीं बैठी। इसलिए मौसम विभाग के अनुमान भी भरोसे के लायक नहीं होते। यदि किसान इन भविष्यवाणियों के आधार पर फसल बोए, तो उसे नाकों चने चबाने पड़ जाएंगे। चूंकि कृषि वैज्ञानिक भी मौसम संबंधी भविष्यवाणी के आधार पर किसानों को फसल उगाने की सलाह देते हैं, लिहाजा उनकी सलाह भी किसान की उम्मीद पर पानी फेरने वाली ही साबित होती है। मौसम की भविष्यवाणी करने वाली एजेंसी स्काईमेट का बारिश का पूर्वानुमान सही निकलता है तो इस बार देश में अपेक्षाकृत कम बारिश होगी। सामान्य से कम बारिश होने का कारण जून से सितंबर के दौरान प्रशांत महासागर में अलनीनो का बनना है। नतीजतन, लंबी अवधि के औसत (एलपीए) के मुकाबले में मानसून नब्बे से पनचानवे फीसद रहने का अनुमान है। इन महीनों में औसत तिरानबे फीसद बारिश होगी, जबकि मई से जुलाई के बीच अलनीनो का छियासठ फीसद प्रभाव रहेगा, जो कम बारिश का कारण बनेगा। एलपीए वर्ष 1951 और 2000 के बीच की बारिश का औसत है, जो नवासी सेंटीमीटर है। साफ है, यह किसान और अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर नहीं है। इससे इस साल सूखे की आशंका बन सकती है। जून से सितंबर तक दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले मानसून पर आई यह पहली भविष्यवाणी है। इस भविष्यवाणी को करते हुए स्काईमेट ने दावा किया है कि यह उसकी दूसरी भविष्यवाणी है, जबकि हकीकत यह है कि स्काईमेट छह साल पहले से मानसून की भविष्यवाणियां कर रहा है। लेकिन सही साबित नहीं होने के कारण वह जनता के बीच भरोसा पैदा नहीं कर पाया है। हर साल अप्रैल-मई में मानसून आ जाने की अटकलों का दौर शुरू हो जाता है। यदि औसत मानसून आए तो देश में हरियाली और समृद्धि की संभावना बढ़ती है और औसत से कम आए तो अकाल की परछाइयां देखने में आती हैं। मौसम मापक यंत्रों की गणना के अनुसार यदि नब्बे फीसद से कम बारिश होती है तो उसे कमजोर मानसून कहा जाता है। छियानबे से एक सौ चार फीसद बारिश को सामान्य मानसून कहा जाता है। यदि बारिश एक सौ चार से एक सौ दस फीसद होती है तो इसे सामान्य से अच्छा मानसून कहा जाता है। इससे ज्यादा बारिश अधिकतम मानसून कहलाती है। भारतीय मौसम विभाग की भविष्यवाणियां अक्सर गलत साबित होती हैं, इसलिए स्काईमेट के अनुमान सटीक बैठेंगे यह कहना भी मुश्किल है। पिछले साल मौसम विभाग और स्काईमेट ने अच्छी बारिश की भविष्यवाणियां की थीं, लेकिन इसी के समांतर बादलों के छीजने की भविष्यवाणी करके यह आशंका भी जता दी थी कि वर्षा कम भी हो सकती है। नतीजतन, बारिश तो अच्छी हुई, लेकिन कुछ राज्यों में सिमट जाने के कारण बाढ़ और भूस्खलन का कारण भी बनी। केरल, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड अतिवृष्टि से बेहाल हुए। वहीं महाराष्ट्र, तमिलनाडु और कर्नाटक में कम बारिश हुई। पिछले दस साल के आंकड़ों में एक भी साल भविष्यवाणी सटीक नहीं बैठी। इसलिए मौसम विभाग के अनुमान भी भरोसे के लायक नहीं होते। यदि किसान इन भविष्यवाणियों के आधार पर फसल बोए, तो उसे नाकों चने चबाने पड़ जाएंगे। चूंकि कृषि वैज्ञानिक भी मौसम संबंधी भविष्यवाणी के आधार पर किसानों को फसल उगाने की सलाह देते हैं, लिहाजा उनकी सलाह भी किसान की उम्मीद पर पानी फेरने वाली ही साबित होती हैं। देश में कुल खाद्य उत्पादन का लगभग चालीस फीसद इसी बरसात पर निर्भर है। इसी मानसून का कुल बारिश में अस्सी फीसद योगदान रहता है। हैरानी इस बात पर भी है कि मौसम संबंधी अनेक उपग्रह अंतरिक्ष में पिछले पांच साल के भीतर स्थापित किए गए हैं, इसके बावजूद शत-प्रतिशत भरोसे की भविष्यवाणी नहीं हो पा रही है। आखिर हमारे मौसम वैज्ञानिकों के पूर्वानुमान आसन्न संकटों की क्यों सटीक जानकारी देने में खरे नहीं उतरते? क्या हमारे पास तकनीकी ज्ञान अथवा साधन कम हैं, अथवा हम उनके संकेत समझने में अक्षम हैं? मौसम वैज्ञानिकों की बात मानें तो जब उत्तर-पश्चिमी भारत में मई-जून तपते हैं और भीषण गर्मी पड़ती है तब कम दबाव का क्षेत्र बनता है। इस कम दबाव वाले क्षेत्र की ओर दक्षिणी गोलार्ध से भूमध्य रेखा के निकट से हवाएं दौड़ती हैं। इस तरह दक्षिणी गोलार्ध से आ रही दक्षिणी-पूर्वी हवाएं भूमध्य रेखा को पार करते ही पलट कर कम दबाव वाले क्षेत्र की ओर गतिमान हो जाती हैं। ये हवाएं भारत में प्रवेश करने के बाद हिमालय से टकरा कर दो हिस्सों में विभाजित होती हैं। इनमें से एक हिस्सा अरब सागर की ओर से केरल के तट में प्रवेश करता है और दूसरा बंगाल की खाड़ी की ओर से प्रवेश कर ओड़िशा, पश्चिम-बंगाल, बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर-प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पंजाब तक बरसता है। अरब सागर से दक्षिण भारत में प्रवेश करने वाली हवाएं आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और राजस्थान में बरसती हैं। इन मानसूनी हवाओं पर भूमध्य और कैस्पियन सागर के ऊपर बहने वाली हवाओं के मिजाज का प्रभाव भी पड़ता है। प्रशांत महासागर के ऊपर प्रवाहमान हवाएं भी हमारे मानसून पर असर डालती हैं। वायुमंडल के इन क्षेत्रों में जब विपरीत परिस्थिति निर्मित होती हैं तो मानसून के रुख में परिवर्तन होता है और वह कम या ज्यादा बरसात के रूप में धरती पर गिरता है। महासागरों की सतह पर प्रवाहित वायुमंडल की हरेक हलचल पर मौसम विज्ञानियों को इनके भिन्न-भिन्न ऊंचाइयों पर निर्मित तापमान और हवा के दबाव, गति और दिशा पर निगाह रखनी होती है। इसके लिए कंप्यूटरों, गुब्बारों, वायुयानों, समुद्री जहाजों और रडारों से लेकर उपग्रहों तक की सहायता ली जाती है। इनसे जो आंकड़े इकट्ठे होते हैं उनका विश्लेषण कर मौसम का पूर्वानुमान लगाया जाता है। भारत में मौसम विभाग की बुनियाद 1875 में रखी गई थी। आजादी के बाद से मौसम विभाग में आधुनिक संसाधनों का निरंतर विस्तार होता रहा है। विभाग के पास साढ़े पांच सौ भू-वेधशालाएं, तिरसठ गुब्बारा केंद्र, बत्तीस रेडियो पवन वेधशालाएं, ग्यारह तूफान संवेदी व आठ तूफान सचेतक रडार और आठ उपग्रह चित्र प्रेषण एवं ग्राही केंद्र हैं।

// कर का दायरा //

दरअसल, यह माना जा रहा है कि फ्रांस का यह कदम इस तथ्य के मद्देनजर सामने आया है कि डिजिटल क्षेत्र की बड़ी कंपनियां उपभोक्ताओं के आंकड़ों से भारी मुनाफा कमाती हैं। यहां तक कि फ्रांस में होने वाले लाभ पर विदेशों में कर लगाया जाता है। फ्रांस का कहना है कि यह 'अस्वीकार्य' है। फिलहाल यह टैक्स सीधी बिक्री पर नहीं लगाने के बजाय इंटरनेट प्लेटफार्म की ओर से उनके जरिए सामान बेचने पर लगाया जाएगा। इसके अलावा, अगर ये कंपनियां खास लक्षित समूहों के लिए दिखाए जाने वाले विज्ञापनों की सुविधा बेच कर राजस्व की कमाई करती हैं तो उसे भी कर के दायरे में माना जाएगा।

amazon
Work hard. Have fun. Make history.
Google
facebook
facebook

फ्रांस के सांसदों ने गूगल, अमेजन, फेसबुक और एप्पल जैसी वैश्विक स्तर पर दिग्गज मानी जाने वाली कंपनियों पर एक नए कर डिजिटल टैक्स को मंजूरी दी। इसे 'गाफा' का नाम दिया गया है। दुनिया भर में इंटरनेट के विस्तार के साथ बहुत सारे मामलों के लिए इस पर निर्भरता जिस तेजी से बढ़ रही है, उसमें इसके नियमन का सवाल उठना ही था। खासतौर पर इसके कारोबारी पहलू पर पिछले कुछ समय से यह स्वाभाविक सवाल उठ रहे थे कि अगर कोई कंपनी इंटरनेट के जरिए अपनी गतिविधियों से भारी मुनाफा कमाती है तो वह नियम-कायदों और आर्थिक नियमन से अलग क्यों रहे! अब इस मुद्दे पर बहस के जोर पकड़ने के बाद फ्रांस ने इस दिशा में एक ठोस कदम उठाया है। सोमवार को फ्रांस के सांसदों ने गूगल, अमेजन, फेसबुक और एप्पल जैसी वैश्विक स्तर पर दिग्गज मानी जाने वाली कंपनियों पर एक नए कर डिजिटल टैक्स को मंजूरी दी। इसे 'गाफा' का नाम दिया गया है। यों इस मसले पर फ्रांस की ओर से यह कहा गया है कि उसे इस तरह के विषयों पर अगुआई करने में गर्व महसूस हो रहा है और यह मसौदा इक्कीसवीं सदी के लिए अधिक प्रभावी और निष्पक्ष कर प्रणाली की दिशा में एक कदम है, लेकिन इस घोषणा के साथ ही अमेरिका की ओर स्पष्ट रूप से नाराजगी सामने आ गई है। अमेरिका का कहना था कि यह योजना अमेरिकी कंपनी और इन डिजिटल मंचों का इस्तेमाल करने वाले फ्रांस के नागरिकों, दोनों को प्रभावित करेगा। दरअसल, यह माना जा रहा है कि फ्रांस का यह कदम इस तथ्य के मद्देनजर सामने आया है कि डिजिटल क्षेत्र की बड़ी कंपनियां उपभोक्ताओं के आंकड़ों से भारी मुनाफा कमाती हैं। यहां तक कि फ्रांस में होने वाले लाभ पर विदेशों में कर लगाया जाता है। फ्रांस का कहना है कि यह 'अस्वीकार्य' है। फिलहाल यह टैक्स सीधी बिक्री पर नहीं लगाने के बजाय इंटरनेट प्लेटफार्म की ओर से उनके जरिए सामान बेचने पर लगाया जाएगा। इसके अलावा, अगर ये कंपनियां खास लक्षित समूहों के लिए दिखाए जाने वाले विज्ञापनों की सुविधा बेच कर राजस्व की कमाई करती हैं तो उसे भी कर के दायरे में माना जाएगा। यानी वस्तुओं का उत्पादन करने वाली कंपनी और ग्राहकों के बीच माध्यम का काम करने वाली अमेजन जैसी ऑनलाइन मार्केटिंग करने वाली कंपनियों पर अब टैक्स लगेगा। इस कानून के लागू होने के बाद फ्रांस सरकार को इस नए नियम से सालाना तकरीबन पचास करोड़ यूरो का राजस्व मिलेगा। हालांकि फ्रांस के इस कदम का फिलहाल आर्थिक रूप से सबसे नकारात्मक असर अमेरिका पर पड़ने वाला है और यही वजह है कि अमेरिका ने फ्रांस से अभी इसे टालने का आग्रह किया था। इससे पहले न्यूजीलैंड सरकार ने गूगल और फेसबुक जैसी ऑनलाइन बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर अलग से टैक्स लगाने की घोषणा की थी। वहां सरकार का कहना था कि हमारी कर-प्रणाली में व्यक्ति करदाता और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को एक जैसा ही देखा जाता है, जो सही नहीं है। जबकि ये कंपनियां ज्यादा कमाई करती हैं और कम टैक्स देती हैं। गौरतलब है कि दुनिया की कुछ सबसे अमीर कंपनियों को बेहद कम कर का भुगतान करने की सुविधा मिली हुई है। यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है कि कोई कंपनी अपने कारोबार से अकूत कमाई करे, लेकिन उसे उस पर टैक्स का भुगतान न करना पड़े। माना जाता है कि दुनिया भर में खासतौर पर विकसित देशों में कर-प्रणाली के मामले में सख्त नियम-कायदे हैं। लेकिन आज भी अगर यह स्थिति बनी हुई है तो निश्चित रूप इन कंपनियों को कर संबंधी नए नियमों के तहत लाने की जरूरत है। फ्रांस के इस कदम को इसी आलोक में देखा जा रहा है।

आश्वत करती जीत

हिंद महासागर में स्थित भारत के पड़ोसी द्वीपीय देश मालदीव में फिर से एक नया इतिहास लिखा जाता हुआ दिख रहा है। दरअसल, जिन मोहम्मद नशीद को षड्यंत्रों के जरिए सत्ता से बेदखल किया गया था, अब उनकी पार्टी संसदीय चुनाव में संसद (मजलिस) की 87 सीटों में से 67 पर जीत दर्ज कर प्रचंड बहुमत हासिल कर चुकी है। इस ऐतिहासिक जीत से पहले ही एमडीपी के उम्मीदवार राष्ट्रपति सालिह प्राग्रेसिव पार्टी के तानाशाह अब्दुल्ला यमीन को हरा चुके हैं। इन दोनों जीतों को किस तरह से देखा जाए? क्या हम यह मान लें कि मालदीव में मोहम्मद नशीद की यह विजय असल में भारत की विजय है? या फिर यह मोहम्मद नशीद की राजनीतिक योग्यता का परिणाम है? चूंकि नशीद और सालिह भारत समर्थक हैं, इसलिए हम वाया नशीद यह मान सकते हैं कि यह भारत की कूटनीतिक विजय है। सीधे तौर पर ऐसा मानना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। हां, इस गेम में चीन की पराजय अवश्य हुई है क्योंकि चीन का अरबों डॉलर मालदीव में लगा हुआ था और मालदीव चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पलस' स्ट्रैटेजी की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी भी था। एक सवाल यह भी है कि क्या मालदीव का यह नव-राजनीतिक अध्याय बिना किसी अवरोध के पूरा होगा या फिर अभी इसके सामने ऐसी चुनौतियां भी आ सकती हैं, जिनका सामना करना मालदीव के लिए मुश्किल होगा? मोटे तौर पर मालदीव में मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत भारत के लिए खुशी और चीन के लिए दुःखद है। इस स्थिति में वहां पहले मोहम्मद नशीद की पार्टी के उम्मीदवार इब्राहिम सालिह का राष्ट्रपति बनना और फिर संसद की लगभग तीन-चौथाई सीटों पर कब्जा जमा लेना, वास्तव में अब्दुला यामीन और उनकी प्रोग्रेसिव पार्टी की नहीं बल्कि चीन की ही हार है। इसलिए कि इसके पीछे चीन का एक जटिल सामरिक अर्थशास्त्र छुपा है।

☎ हैलो.. हैलो.. ☎

हॉस्पिटल

गवर्मेंट सैटेलाइट हॉस्पिटल, बनीपार्क	2202449
महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट	2610616
एसएमएस हॉस्पिटल	2560291
जनाना हॉस्पिटल	2378721
ईएसआई डिस्पेंसरी, मालवीयनगर	2522724
ईएसआई डिस्पेंसरी, प्रताप नगर	2792594

पुलिस

कंट्रोल रूम, जयपुर सिटी	2575715
कंट्रोल रूम, जयपुर ग्रामीण	2575774
कंट्रोल रूम, यातायात	2565630

होटल-ट्यूरिज्म

गणगौर	0141-2371641, 2371642, 2371644, 2371646
स्वागत	0141-2200595, 2206701, 09950996242
तीज	0141-2205482, 2205473, 2203199, 09829058458
होटल खासा कोठी	0141-2375151, 4063000, 09414073182

रोडवेज

कंट्रोल रूम हैड ऑफिस	0141-2373044
सेंट्रल बस स्टैंड सिंधी कैंप	0141-2207906, 2207912, 207913, 2207914
डीलक्स बस आरक्षण	0141-2205790
ड्यूटी ऑफिसर प्लेटफार्म	0141-2207907
ड्यूटी ऑफिसर सिंधी कैंप	0141.2207903

रेलवे

रेलवे पूछताछ	131
रेलवे पूछताछ	139

हैल्प लाइन

चाइल्ड हैल्प लाइन	0141-2353997- 1098
बिजली हैल्प लाइन	0141-2354900- 1912
ऑपरेशन गरिमा	0141-2204475
एनीमल हॉस्पिटल हैल्प लाइन	0141-2373237
हैल्प इन सफरिंग हैल्प लाइन	0141-2760012

ब्लड बैंक

संतोकबा दुर्लभजी मेमोरियल हॉस्पिटल	0141- 2566251, 2574189
सवाई मानसिंह हॉस्पिटल	0141-256 02912
स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक	0141-2545293, 2721771

अग्निशमन केन्द्र

अग्निशमन हैल्पलाइन	101
बनीपार्क	0141-2201898
बाईस गोदाम	0141-2211258
घाट गेट	0141-2615550
विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र	0141-2332573
एम आई रोड	0141-2375925

सांस्कृतिक केन्द्र

जवाहर कला केंद्र	0141-2706560
रविन्द्र मंच	0141-2619061

ट्यूरिस्ट प्लेस

अल्बर्ट हॉल म्यूजियम	0141-2570099
आमेर फोर्ट	0141-2530293
बिरला प्लेनेटोरियम	0141-2385094,
हवा महल	0141-618862
जंतर मंतर	0141-2610494
जयगढ़ फोर्ट	0141-2274848
नाहरगढ़ फोर्ट	0141-5148044
जयपुर जू	0141-2680494
राम निवास गार्डन	0141-2617319
साइंस पार्क	0141-2304654
सिटी पैलेस	0141-2608055

एम्बुलेंस

एम्बुलेंस हैल्पलाइन	108
जेके लोन एम्बुलेंस	0141-2619827
महिला चिकित्सालय एम्बुलेंस	0141-2601333
एसएमएस एम्बुलेंस	0141-2560291
रेड क्रास एम्बुलेंस	0141-2617214

एयरलाइंस

एयर अरेबिया	0141-5115455
इंडिगो एयरलाइंस	0141-5119992
एयर इंडिया सिटी	0141-2744840, 2743500
ओमान एयरवेज	0141-4002041
एयर अरेबिया	0141-2378501, 2378204
एयर इंडिया	0141-2721333, 2721519
गो एयर	0141-6500803
जेट एयरवेज	0141-5112222
स्पाइस जेट	0141-5119882

दुर्घटना थाना

ईस्ट	2587436
वेस्ट	2577717
नॉर्थ	2568721
साउथ	2575171

कांग्रेस सेवादल कांग्रेस संगठन की एक महत्वपूर्ण कड़ी : अर्चना शर्मा

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल की महिला अध्यक्ष कल्पना भटनागर ने मीटिंग में घोषणा की सेवादल की महिला विंग की ओर से मुख्यालय प्रभारी अंजुम खान और मुख्यालय सहप्रभारी सोनिया सिंह को नियुक्त किया जाता है

HILA SEVAD
STAT

सफल राजस्थान

जयपुर। राजस्थान प्रदेश महिला सेवादल की प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला महिला अध्यक्षों की संयुक्त बैठक आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड़, जयपुर पर सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष डॉ. अर्चना शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सेवादल कांग्रेस संगठन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है और संगठन को मजबूत करने में प्रदेश महिला सेवादल की भी अपनी महत्ती भूमिका है।

उन्होंने कहा कि सेवादल की महिलाएं अनुशासित एवं समर्पित होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि आज देशभर में भय का माहौल व्याप्त हो रहा है जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से जुमलेबाजी तथा झूठे वादे कर लोगों को बरगलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देशभर में लोकसभा चुनाव होने है और हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है हम सभी कांग्रेसजनों को भारतीय जनता पार्टी के झूठे वादों एवं नफरत फैलाने वाली राजनीति से आमजन को अवगत करवाना है तथा देश में कांग्रेस अध्यक्ष श्री राहुल गांधी के प्रेम व भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है और केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनाने हेतु एकजुटता के साथ कार्य करना है।

राजस्थान प्रदेश महिला सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष कल्पना भटनागर ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा में मिशन-25 को कामयाब करने के लिए सभी लोकसभा क्षेत्र में प्रभारी, सह-प्रभारी, समन्वयक व सह-समन्वयक नियुक्त कर उन्हें अपने प्रभार क्षेत्र में जाकर कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार-प्रसार करने व महिला कार्यकर्ताओं को बूथ की जिम्मेदारियां दी है।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस सेवादल को और अधिक मजबूती देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को दल-जगत की सदस्यता दिलवायी गई तथा जिला महिला सेवादल की कार्यकारिणी का गठन कर उन्हें भी बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के निर्देश दिए गए है। भटनागर ने बताया कि आज देश में अराजकता, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, किसान की बदहाली, अर्थव्यवस्था का लगातार गिरना, महंगाई आदि चरम सीमा पर पहुंच गए है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लगातार संवैधानिक संस्थाओं को दुरूपयोग किया जा रहा है और देश का लोकतंत्र खतरे में है। उन्होंने कहा कि आज बहुत जरूरी है कि विघटनकारी ताकतों को देश से उखाड़ कर बाहर करें तथा देश में सुशासन के लिए कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने में कांग्रेस कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत झोंक दें।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक व विधायक राकेश पारीक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला सेवादल में वह ताकत है जो घर-घर में जाकर कांग्रेस की विचारधारा को प्रभावशाली तरीके से जनता तक पहुंचा सकती है। बैठक में राजस्थान प्रभारी मधु गुरूंग, हुलास चंद भूतड़ा, रामभरोसी सैनी, मंजूर अहमद, जगन्नाथ गौलाड़ा, राजेन्द्र शर्मा, सुमन सोलंकी, संध्या पुरोहित, अंजुम खान, द्रोपदी कोली, सोनिया सिंह, सुमित्रा बैरवा, शमीना खान, मधु जैन, मेहराज मेहर, प्रमोदलता शर्मा, कैलाश कंवर सहित प्रदेश पदाधिकारी एवं महिला जिलाध्यक्षों ने भाग लिया।

(सफल राजस्थान)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल की महासचिव एवं जोधपुर प्रभारी अंजुम खान लोकसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत करने के लिये जोधपुर पहुंची। इस अवसर अंजुम खान का भारी स्वागत हुआ। अंजुम खान ने महिलाओं की मीटिंग ली और संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ जोधपुर लोकसभा उम्मीदवार वैभव गहलोत के लिये घर-घर जनसंपर्क भी किया।

प्रदेश स्तरीय अग्र प्रतिभा व समाज सेवियों का सम्मान समारोह आयोजित

सफल राजस्थान

अजमेर। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान द्वारा शुभम् रिर्सोट कोटा में प्रदेश स्तरीय अग्र प्रतिभा व समाज सेवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अजमेर के प्रमुख समाज सेवियों का भी सम्मान किया गया।

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला शाखा अजमेर के जिलाध्यक्ष गिरधारीलाल मंगल व जिला महामंत्री पूर्व पार्षद शैलेन्द्र अग्रवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा तकनीकि शिक्षा मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग के मुख्य आतिथ्य व प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में राजस्थान के 15 जिलों के प्रमुख समाज सेवियों, समाज के प्रति निष्ठा, सम्पूर्ण एवं समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले तथा समाज को उत्कर्ष्ठ सेवा देने वाले समाज बन्धुओं, अग्र प्रतिभाओं व भामाशाहों को माला व दुपट्टा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया।

इस प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह में अजमेर से तरूण अशोक पंसारी, डॉ. विष्णु चौधरी, नरेन्द्र बंसल, गिरधारीलाल मंगल, शैलेन्द्र अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, अनिता बंसल, हनुमान दयाल बंसल, आयुष कन्दौई व अंकित बंसल आदि पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि डां. सुभाष गर्ग व प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया।

मंगल व अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष आकर्षण तारक मेहता का उल्टा चष्मा सीरियल के सुपर हीरो 'टप्पु' (भव्य गांधी) ने अपने अंदाज में उपस्थित अग्र बन्धुओं को खूब हंसाया और बीच-बीच में चुटकुले भी सुनाये।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि समाज सेवी प्रकाश चंद गोयल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस.के. जैन, डॉ. एम.एल. अग्रवाल, पूर्व विधायक पूनम गोयल थे। कार्यक्रम में युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र किरवाड़ा, प्रदेश प्रवक्ता पी.पी. गुप्ता, कोटा जिलाध्यक्ष व कार्यक्रम के मुख्य संयोजक रामगोपाल अग्रवाल, जितेन्द्र गोयल सहित कई प्रमुख प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी व अन्य प्रमुख समाज बन्धु उपस्थित थे।

भाजपा का अर्थ-झूठ, धोखा, फरेब और भ्रष्टाचार, भाजपा के सभी नेता झूठ के धरने पर : प्रताप

भाजपा ने पांच वर्ष तक सरकार में रहकर हजारों करोड़ के घोटालों को अजांम दिया

सफल राजस्थान

जयपुर। राजस्थान प्रदेष कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं परिवहन व सैनिक कल्याण मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने आज जयपुर में नागरिकों की सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि भाजपा का अर्थ है-झूठ, धोखा, फरेब और भ्रष्टाचार। केन्द्र में भाजपा की सरकार ने राफेल फाइटन प्लेन के सौदे में 516 करोड़ की कीमत का फाईटर प्लेन 1600 करोड़ रूपये में खरीद कर अनिल अंबानी के साथ मिलकर 30 हजार करोड़ का घोटाला किया, अब तो सुप्रीम कोर्ट ने भी केन्द्र सरकार की सभी दलीलों को खारिज करते हुये घोटाले को मानकर पुर्नविचार याचिका को स्वीकार कर लिया है। अब सरकार और

प्रधानमंत्री मोदी दोनों कटघरे में है। विजय माल्या, नीरव मोदी, मेहुल चौकसी को सरकार ने मिलीभगत से देश के बाहर विदा कर दिया।

प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा में पिछले चुनाव में 15 लाख खाते में जमा कराने और अच्छे दिन को झूठ बोला, पेट्रोल-डीजल सस्ता करने का झूठा वादा किया, झूठा वादा करके देश की जनता के साथ धोखा किया, 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा हवा हो गया, प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के तमाम नेता झूठ बोलने के धरने पर हैं, पिछले चुनाव में किये गये वादे और अपनी उपलब्धियों पर एक भी सच नहीं बोलते क्योंकि भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इन पांच वर्षो में कोई उपलब्धि नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और उनके प्रवक्ता प्रकाश जावडेकर अपनी एक भी उपलब्धि देश को नहीं बता सकते, क्योंकि इन्होंने पांच वर्ष तक भ्रष्टाचार के जरिये लूट-खसोट की है और अब ये अपनी असफलताओं से ध्यान हटाने के लिये देश की जनता के साथ धोखा करके झूठ बोल रहे हैं लेकिन इन चुनाव में भाजपा का षडयंत्र नहीं चलेगा।

भाजपा के लिए 6 सीटों पर संघर्ष सबसे ज्यादा, फूंक-फूंक कर रख रही कदम

जयपुर (सफल राजस्थान)। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन छह सीटों पर अपना ध्यान केंद्रित कर दिया है जहां उसने प्रत्याशियों के रूप में नए चेहरे उतारे हैं या मुकाबले में उतरे कांग्रेस के चेहरे ज्यादा दमदार नजर आ रहे हैं।

जेट के कर्मचारियों ने किया दिल्ली एयरपोर्ट पर प्रदर्शन

नई दिल्ली (सफल राजस्थान)। कर्ज संकट से जूझ रही एयरलाइन जेट एयरवेज के कर्मचारियों ने शनिवार को दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने मांग की कि सरकार इस मामले में कंपनी की मदद करे। कर्मचारियों ने प्रदर्शन के दौरान न सिर्फ मानव श्रंखला बनाई बल्कि जेट एयरवेज को बचाने का संदेश लिखे पोस्टर्स भी प्रदर्शित किए।

केवल सात विमानों ने उड़ान भरी

कर्मचारियों के हाथ में जो पोस्टर्स थे, उनमें जेट एयरवेज को बचाइए, हमारी पुकार सुनिए, 9डब्ल्यू को उड़ान भरने दीजिए जैसे संदेश लिखे थे। शनिवार को जेट एयरवेज के केवल सात जहाजों ने उड़ान भरी। कंपनी के अधिकारियों ने 15 अप्रैल तक सभी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक लगा रखी है। कंपनी पर फिलहाल 8 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का कर्ज है। रुपयों का भुगतान न किए जाने के कारण अधिकांश विमान मैदान में खड़े हैं।

धोखाधड़ी का केस दर्ज हो

जेट के ऑल इंडिया ऑफिसर्स एंड स्टाफ एसोसिएशन के प्रमुख किरण पावसकर ने सहार पुलिस स्टेशन में शिकायत दी। उन्होंने कहा कि एयरलाइन ने कर्मचारियों का मार्च का वेतन नहीं दिया है। इसलिए धोखाधड़ी, भरोसा तोड़ने, फंड के दुरुपयोग और दूसरे अपराधों के तहत मामला दर्ज किया जाए। इससे पहले पावसकर के नेतृत्व में 200 कर्मचारियों ने एयरपोर्ट से जेट एयरवेज के मुख्यालय सिरोया सेंटर तक मार्च निकाला। कर्मचारियों की सीनियर मैनेजमेंट से मुलाकात भी हुई।

एक संवाद बुद्धिजीवियों के साथ

जयपुर (सफल राजस्थान)। जयपुर में मालवीय नगर स्थित सामुदायिक भवन में सीएसडी (सेन्टर फॉर सोशल डवलपमेंट) के तत्वाधान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 वंचित वर्ग के प्रबुद्धजनों, प्राध्यापकों, वकीलों और डॉक्टरों ने सामाजिक समरसता को लेकर गहन चिंतन-मनन किया। कार्यक्रम में सीएसडी के चैयरमैन ने अपने उद्बोधन में वर्तमान सरकार द्वारा वंचित वर्गो के सामाजिक उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाशा डाला। साथ ही सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित के लिए अपने आपको तैयार रहने के लिए आह्वान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर प्रान्त के प्रान्त सम्पर्क प्रमुख डॉ. हेमन्त सेतिया ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रहित में सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक परिपेक्ष्य में अपने विचार व्यक्त किए और भारत को महाशक्ति और विश्व गुरू बनाने का आह्वान किया। संगोष्ठी का संचालन दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जयसिंह मीणा ने किया।

तेज गर्मी के बीच लू की चेतावनी

कई स्थानों पर आंधी-बादल गरजने के साथ हो सकती है बारिश

जयपुर (सफल राजस्थान)। राजस्थान में लू का दौर जारी है। सुबह आठ बजे से ही तेज गर्मी पड़नी शुरू हो गई है। एक दो स्थानों को छोड़कर शेष राजस्थान में तापमान 40 डिग्री या उससे अधिक बना हुआ है।

वहीं रात के तापमान में बीते दो दिनों से उतार चढ़ाव जारी है। बीती रात सबसे कम तापमान 19.4 डिग्री राज्य के एकमात्र पर्वतीय स्थल माउंट आबू में रहा। सबसे अधिक तापमान बीती रात को जोधपुर के फलौदी में 30.00 डिग्री रहा। अजमेर में तापमान मामूली गिरावट के साथ 26.8 से 26.04 पर आ गया।

डबोक में भी तापमान 23.08 से 23.04 डिग्री पर आ गया। चित्तौड़ में तापमान 22.0 से घटकर 21.4 डिग्री पर आ गया। वहीं गंगानगर में तापमान मामूली बढ़ोतरी के साथ 22.03 से 23.00 डिग्री पर पहुंच गया। जयपुर में तापमान करीब दो डिग्री गिरकर 29.04 से 27.01 डिग्री पर आ गया।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में राज्य में कहीं-कहीं मेघ गर्जन व धूल भरी आंधी के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। यहां 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी राजस्थान के जयपुर कोटा, सवाईमाधोपुर, सीकर, सिरोही व टोंक में शनिवार व रविवार को लू चलेगी। वहीं पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, जैसलमेर, जालौर, जोधपुर व नागौर में लू चलेगी।

जकरबर्ग की सुरक्षा पर पिछले साल 156 करोड़ रुपये खर्च हुए

एक साल में 60 प्रतिशत बढ़ोतरी

नई दिल्ली (सफल राजस्थान)। फेसबुक ने सीईओ मार्क जकरबर्ग की सुरक्षा पर पिछले साल 2.26 करोड़ डॉलर (156.32 करोड़ रुपए) खर्च किए। करीब 2 करोड़ डॉलर की रकम जकरबर्ग और उनके परिवार की सुरक्षा पर खर्च हुई। 26 लाख डॉलर जकरबर्ग को प्राइवेट जेट इस्तेमाल करने के लिए मिले। यह राशि भी सुरक्षा खर्च में ही शामिल थी। फेसबुक ने रेग्युलेटरी फाइलिंग में यह जानकारी दी।

शेरिल सैंडबर्ग के वेतन-भत्ते 10 करोड़ रुपए कम हुए

2017 में जकरबर्ग की सुरक्षा का खर्च 90 लाख डॉलर (62.25 करोड़ रुपए) था। एक साल में यह 60 प्रतिशत बढ़ गया है। हालांकि, बेसिक सैलरी के तौर पर जकरबर्ग 3 साल से सिर्फ 1 डॉलर सालाना ले रहे हैं। सीओओ शेरिल सैंडबर्ग की सुरक्षा पर फेसबुक ने पिछले साल 29 लाख डॉलर (20 करोड़ रुपए) खर्च किए। 9 लाख डॉलर उनके प्राइवेट प्लेन इस्तेमाल करने के लिए चुकाए गए। सैंडबर्ग को सैलरी और भत्तों के तौर पर पिछले साल 2.37 करोड़ डॉलर (164 करोड़ रुपए) मिले। 2017 में यह रकम 2.52 करोड़ डॉलर (174 करोड़ रुपए) थी। फेसबुक द्वारा चुनावों में दखल और डेटा के गलत इस्तेमाल के मामले एक साल में काफी बढ़े हैं। इसलिए कंपनी ने अपने अधिकारियों की सुरक्षा का खर्च बढ़ाया है। कंपनी का कहना है कि फाउंडर, सीईओ, चेयरमैन और कंट्रोलिंग शेयरहोल्डर के नाते जकरबर्ग की सुरक्षा बढ़ाना जरूरी था।

दुनिया के सबसे बड़े विमान ने पहली उड़ान भरी

(सफल राजस्थान)

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े विमान स्ट्रैटोलॉन्च ने शनिवार को कैलिफोर्निया में पहली बार उड़ान भरी। इसका परीक्षण करीब ढाई घंटे तक मोजावे रेगिस्तान के ऊपर किया गया। इसमें छह बोइंग 747 इंजन लगे हैं। विमान इतना बड़ा है कि इसके पंख का फैलाव एक फुटबॉल मैदान से भी ज्यादा है। इसे स्केल्ड कम्पोजिट्स इंजीनियरिंग कंपनी ने तैयार किया है।

सबसे बड़े जेटलाइनर में लगेंगे फोल्डिंग विंग्स

दूसरी ओर, बोइंग कंपनी फोल्डिंग विंग्स वाला पहला कमर्शियल प्लेन तैयार कर रही है। पिछले दिनों उसके 777-9 एक्स जेटलाइनर के फोल्डिंग विंग्स की पहली झलक सामने आई थी। इसके विंग्स का फैलाव 235 फीट और 5 इंच होगा। पूरी तरह तैयार होने के बाद यह दुनिया का सबसे बड़ा ट्विन इंजन जेटलाइनर होगा। बोइंग कंपनी के 102 साल के इतिहास में किसी एयरक्राफ्ट के विंग्स इतने बड़े नहीं हैं। इसका ट्रायल अगले साल से शुरू होगा।

उपग्रहों के लॉन्च पैड की तरह इस्तेमाल होगा

विमान में क्या है खास?

यह दो एयरक्राफ्ट बॉडी वाला विमान है, जो आपस में जुड़ी हैं। इसमें छह इंजन लगाए गए हैं। पंखो की लंबाई करीब 385 फीट है। विमान पहली उड़ान में 17 हजार फीट की ऊंचाई तक गया। इस दौरान इसकी गति 170 मील प्रति घंटा रही। इसे सैटेलाइट के लॉन्च पैड के रूप में तैयार किया गया है।

उपग्रह छोड़ने का खर्च कम होगा

यह विमान रॉकेट और उपग्रहों को अंतरिक्ष में उनकी कक्षा तक पहुंचाने में मदद करेगा। मौजूदा समय में टेकऑफ रॉकेट की मदद से उपग्रहों को कक्षा में भेजा जाता है। अगर यह योजना सफल रही तो उपग्रहों को कक्षा तक पहुंचाने के लिए विमान बेहतर विकल्प होगा और उपग्रह छोड़ने का खर्च भी कम हो जाएगा।

बोहरा को मिला व्यापक जनसमर्थन

तिलक में हुआ बोहरा का भव्य स्वागत

सफल राजस्थान

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर के लोकसभा प्रत्याशी रामचरण बोहरा ने आज चार दीवारी के बाजारों में जनसम्पर्क किया, व्यापारियों ने बोहरा का भव्य स्वागत किया तथा समर्थन का भरोसा दिलाया। भाजपा प्रत्याशी रामचरण ने आज चांदपोल हनुमान जी के मन्दिर में हनुमान के जी दर्शन कर व्यापारियों से सम्पर्क किया, बोहरा का स्थानीय व्यापारियों ने भव्य स्वागत किया, स्थान-स्थान पर मालाएं पहनाकर नींबू-पानी पिलाकर स्वागत किया।

बोहरा ने लोगों से बातचीत करते हुए पांच वर्षों में मोदी सरकार की उपलिब्धयों पर चर्चा की। बोहरा के साथ जनसम्पर्क में शहर जिला भाजपा के अध्यक्ष मोहनलाल गुप्ता, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री सुरेन्द्र बज, जयपुर ड्राईफ्रुट किराना कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद गुप्ता, महामंत्री घनश्याम धामाणी, दीनानाथ व्यापार मण्डल अध्यक्ष रामअवतार सिंघल, गोपाल जी का रास्ता व्यापार मण्डल राजेन्द्र गुप्ता, चांदपोल बाजार व्यापार मण्डल महामंत्री घनश्याम भूतड़ा, सयुक्त मंत्री कृष्ण अवतार अग्रवाल, जौहरी बाजार व्यापार मण्डल महामंत्री कैलाश मित्तल, इन्द्रा बाजार व्यापार मण्डल अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश रूपाणी, सुन्दर दुसाद सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रिय नागरिक बोहरा के साथ रहें।

तिलक में समस्त नागरिक परिषद के द्वारा भाजपा प्रत्याशी रामचरण बोहरा का भव्य स्वागत किया बोहरा ने इस अवसर पर कहा कि मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार, आतंकवाद मुक्त भारत की दिशा में कठोर कदम उठाए है। मोदी जी को दुबारा प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। इस अवसर पर विधायक कालीचरण सर्राफ, चिकित्सक प्रमुख डॉ. एस.एस. अग्रवाल, राजापार्क व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रवी नयर, समाज सेवी लक्ष्मीनारायण नागोरी, अजयपाल सिंह ने भी सम्बोधित किया।

कांग्रेस को सत्ता सौंपने का मन बना चुकी है जनता : रिजु झुनझुनवाला

अजमेर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रिजु झुनझुनवाला का मसूदा विधानसभा क्षेत्र में तूफानी चुनावी दौरा

सफल राजस्थान

वही होती है अच्छे मन से पढ़ाई।

अजमेर। अजमेर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रिजु झुनझुनवाला ने कहा है कि अजमेर और राजस्थान सहित पूरे देश में कांग्रेस की लहर बन चुकी है। जनता भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंककर कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

झुनझुनवाला शनिवार को मसूदा विधानसभा क्षेत्र के तूफानी दौरे में मसूदा विधायक राकेश पारीक साथ रहे। इस दौरान विभिन्न गांवों में आयोजित सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अजमेर संसदीय क्षेत्र में अब तक जिन भी गांवों में वे गए हैं, वहां उन्हें कांग्रेस का माहौल नजर आया है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में ही नहीं, ग्रामीणों में भी इस बार कांग्रेस के प्रति जबरदस्त उत्साह है। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों से ग्रामीण व शहरी नागरिक त्रस्त हैं। मोदी सरकार ने किसानों के हितों के लिए कोई कदम नहीं उठाए। इसलिए अब ग्रामीण भी न केवल कांग्रेस के पक्ष में हैं, बल्कि कांग्रेस को प्रचंड बहुमत से जिता कर सत्ता सौंपने का मन बना चुके हैं।

हमारा एकमात्र ध्येय अजमेर को विकसित करना है। अगले पांच साल में बड़े-बड़े उद्योग यहां लाने के जी-तोड़ प्रयास करेंगे। हमारी कोशिश यही है कि यह उद्योग स्थापित हो जाएं। इसके लिए वे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट को साथ लेकर बड़े-बड़े उद्यमियों के पास जाएंगे। उन्होंने कहा कि हम अजमेर संसदीय क्षेत्र और जिले में उद्योग स्थापित कराकर बेरोजगारी की समस्या को जड़ से खत्म करने की कोशिश करेंगे।

देवेन्द्र शर्मा बने महासचिनव

जयपुर (सफल राजस्थान)। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन रजि. के राष्ट्रीय पं. मोहित नवांनी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में देवेन्द्र शर्मा रींगस को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया साथ ही आशा व्यक्त करते कहा कि देवेन्द्र शर्मा को संगठन में जोड़ने से संगठन को मजबूती प्रदान होगी। देवेन्द्र शर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए देवेन्द्र शर्मा को आदेशित किया है कि वे जल्द से जल्द संगठन को मजबूत करने का कार्य करें।

अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन का कार्यकर्ता सम्मेलन जयपुर में

जयपुर (सफल राजस्थान)। जयपुर में गांधी नगर वैशाली नगर के रेस्टोरेंट में IHRCCO के राजस्थान प्रदेश कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया है जिसमे नई दिल्ली से मुख्य अतिथि के रूप में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवँ अपराध नियंत्रण संगठन रजि. के ब्रांड एम्बेसडर एवँ चैयरमेन माननीय पंडित मोहित नवांनी जी औरविशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्रजेश पाठक थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पं. मोहित नवांनी ने कहा राजस्थान प्रदेश में संगठन मानवाधिकार की रक्षा के लिये कार्य करेंगे और पूरे राजस्थान प्रदेश के हर जिले में मानवाधिकार की कार्यशाला आयोजित की जायेगी और पीड़ित व्यक्ति की आवाज को संगठन के माध्यम से उठाया जायेगा और संगठन के माध्यम से जनहित के कार्य किये जाएंगे।

अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव सुनीता नागर एवं राष्ट्रीय संगठन सचिव सन्तोष महेश्वरी, प्रदेश अध्यक्ष सचिन गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ मोहन सिंह दुलेत चिकित्सा प्रकोष्ठ और महिला मोर्चा वंदना त्यागी एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी योगेंद्र कुमार कंडेरा जी आदि उपस्थित थे। साथ ही मीटिंग में कुछ नये पदाधिकारियों की घोषणा भी की जायेगी। नये पदाधिकारियों में राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र शर्मा (रींगस), प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष नीना गुप्ता, प्रदेश कांनूनी सलाहकार शिव गुप्ता, जिला सचिव निशा चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष अमिता कंवर, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सक्करवाला, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रोहिताश सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अर्पणा वाजपेयी, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश नाथ राय, जिला संगठन सचिव महेश शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश दुबे, प्रदेश सचिव हर्ष पाटोदिया आदि लोगों ने संगठन की सदस्यता दी गई।

प्याऊ का उद्घाटन

जयपुर (सफल राजस्थान)। श्री श्याम अनमोल परिवार एवं लायंस क्लब जयपुर सेंट्रल स्पाईन द्वारा विद्याधर नगर में प्याऊ का उद्घाटन किया गया। संस्था के अध्यक्ष बसंत जलेवा ने बताया कि विद्याधर के विभिन्न क्षेत्रों में प्याऊ लगाई जाएंगी। प्याऊ लगाने में संस्था की सदस्यता आशा अग्रवाल ने आर्थिक सहयोग किया। इस अवसर पर बजरंग अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, योगिता जलेवा, गजानंद अग्रवाल, विनित अग्रवाल, पायल मोदी, जिनी अग्रवाल, आशीष अग्रवाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

हेकार्डस संस्था द्वारा महिलाओं को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दिया

जयपुर (सफल राजस्थान)। 8 मार्च को महिला अधिकारिता विभाग, जयपुर के सहयोग से हेकार्डस संस्था द्वारा ग्राम- बीलवा में विजया राजे सिंधिया आदर्श स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के उधमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान स्वयं सहायता समूह की अवधारणा, नियम, कौशल प्रशिक्षण, मार्केटिंग एवं उधमिता की विस्तृत जानकारी दी गई।

SSMG HOSPITAL
एस.एस. महिला एण्ड जनरल हॉस्पिटल
24 घण्टे इमरजेंसी सेवाएं
डॉ. भारतराज शर्मा — जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. अनिता शर्मा — स्त्री रोग एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुनील गोलछा
डॉ. बजरंग — ANAESTHESIOLOGIST
डॉ. सुमित माथुर — CRITICAL CARE
डॉ. सुरेन्द्र सिंह — GEN. PHYSICIAN
डॉ. आशुतोष कौशिक — शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रदीप बगडिया — हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डॉ. नरसी बाजिया — ANAESTHESIOLOGIST
डॉ. जावेद अहमद — फिजियोथैरेपी
सुविधाएं:- पीडियाट्रिक, आईसीयू एवं सर्जिकल आईसीयू, ईसीजी, ईएमजी, एनसीवी एवं ईईजी एग्जामिनेशन, गैस, उल्टी, पेटदर्द एवं जलन, पित्त की थैली में पथरी, पाइल्स, फिसर, फिस्टूला, एपेन्डिक्स, प्रोस्टेट, प्लास्टिक सर्जरी के ऑपरेशन, गुर्दे व पेशाब की नली मेंपथरी, पेशाब में खुन व मवाद, पेट में गांठ या किसी भी प्रकार की सूजन (हर्निया) एवं समस्त पेट व मूत्र रोग से सम्बन्धित विभाग।
EMERGENCY 24X7
A MULTI SPECIALITY HOSPITAL
अमृत हेल्थ व भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत ईलाज के लिए अधिकृत
नोटः-जिन मरीजों को डॉक्टर ने कमर, गर्दन, घुटने, रीढ की हड्डी का ऑपरेशन बता दिया हो तो एक बार अवश्य आकर मिलें।
● मॉडयुलर ऑपरेशन थियेटर
● डिलीवरी सुविधा
● सभी तरह के ऑपरेशन
● 24X7 इमरजेंसी एवं ट्रौमा केयर
● ICU, NICU
● अल्ट्रासाउण्ड
● डिजिटल एक्सरे
● ऐंबुलेन्स
● हड्डी एवं फैक्चर चिकित्सा
● जनरल मेडिसिन
100 बैडेड मल्टी स्पेशियलिटी सेन्टर ICU, NICU \ IVF सेन्टर, डिलीवरी ट्रोमा एवं हड्डी रोग, जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी मेडिसीन, हृदय रोग, शिशु एवं नवजात रोग मूत्र रोग, कान, नाक व गला रोग, चर्म रोग
हड्डी रोग:- कमर व गर्दन दर्द, हाथ, पैरो में सुन्नपन आना, डिस्क की समस्या, जोड़ो में दर्द, जकड़न व खिंचाव, फ्रेक्चर एवं कन्धा जाम होना, रींगण बाय, गठिया बाय, हाथ पैरों में झनझनाहट आदि रोग।
एस एस महिला एवं जनरल हॉस्पिटल
पॉवर हाउस के सामने, मोरीजा रोड, चौमूं (जयपुर)
Ph.:01423-220788,8619099190,9001213323,9351491892
E-mail:ssmgh.chomu@gmail.com
Bhamashah Swasthya Beema Yojana

पंजाबी समाज सेवा समिति वैशाली महोत्सव मनाया

सफल राजस्थान

जयपुर। पंजाबी समाज सेवा समिति विद्याधर नगर जयपुर द्वारा आदर्श विद्या मंदिर अंबाबाड़ी में वैशाली महोत्सव मनाया गया। समिति की महामंत्री मीना मोदी ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड आई.ए.एस. एम.के. खन्ना थे। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वरिष्ठ सदस्यों की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'मेरा भारत स्वच्छ भारत' स्टीकर का भी विमोचन किया गया। महिलाओं द्वारा फोग डांस किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष जी.एल. खुराना, सचिव मनोज ग्रौवर, कोषाध्यक्ष जे.पी. चोपड़ा आदि उपस्थित रहे।

सोसायटी ऑफ एनर्जी इंजीनियर एंड मैनेजर्स द्वारा सेमीनार आयोजित

जयपुर (सफल राजस्थान)। शनिवार को रोड नंबर 1 पर स्थित विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन में सोसायटी ऑफ एनर्जी इंजीनियर एंड मैनेजर्स (सिम) द्वारा सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में बताया गया कि सीम राष्ट्र स्तर पर ऊर्जा दक्षता हेतु एक प्रोफिशनल बॉडी है। सीम ने आर एस टी एस एल जेसी ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न राज्यों में ट्रेनिंग कार्यक्रम किए। जयपुर शहर में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के सहयोग से एनर्जी इंजीनियर एंड मैनेजर फाइनेंशियल लिटरेसी एमएसएमई के उद्योगों में एक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें कुल 45 विभिन्न उद्यमियों ने भाग लिया।

सेमिनार में सिम के राष्ट्रीय महासचिव मैं बताया कि एम एस एम ई युनिट को सीम द्वारा आडिट कराई जाएगी। ऑडिट के जरिये शरीर से निकलने वाली एनर्जी सेविंग की संभावनाओं से पीएसएल यस बैंक की विभिन्न स्कीम के अंतर्गत एनर्जी एफिसिएसी प्रोजेक्ट इंप्लीमेंट कराए जाएंगे।

शकुन्तला बनी वैश्य महासम्मेलन की कार्यकारी महिला अध्यक्ष

जयपुर (सफल राजस्थान)। आज अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गिरीश कुमार संगी के निर्देश पर राजस्थान प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रामअवतार सिंघल ने जयपुर जिला वैश्य महासम्मेलन का कार्यकारी महिला अध्यक्ष पद पर शकुन्तला विजयवर्गीय को नियुक्त किया।

(सफल राजस्थान)। उत्कर्ष संस्था 17वें ठाकुर किशन सिंह संगीत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रैमी अवार्ड विजेता पद्म भूषण पं. विश्वमोहन भट्ट एवं तंत्री सम्राट पंडित सलिल भट्ट द्वारा मोहनवीणा वादन एवं सात्विक वीणा वादन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि रोली अग्रवाल (आईएएस), महेश पारीक (उद्योगपति) रहे। कार्यक्रम रंगायन सभागार जवाहर कला केंद्र में आयोजित हुआ। जिसमें जयपुर के कई संगीत प्रेमियों ने भाग लिया। उर्मिला उपाध्याय, डॉ. त्रिपुरारी सक्सेना ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को आगुन्तकों का स्वागत किया।

भगवा रक्षा दल द्वारा भोजन वितरण

जयपुर (सफल राजस्थान)। भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा दिशा-निर्देश पर राजस्थान के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द ठाकुर एवम सांगानेर तहसील अध्यक्ष आशीष कटारिया एवं कार्यकारिणी ने सुबह 9.00 बजे मनबुद्धि विद्यालय में निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया गया एवं शाम 4.00 बजे सांगानेर क्षेत्र की सभी कच्ची बस्तियों में जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण कराया गया साथ में जयपुर गौरव वर्ल्ड बुक होल्डर द ग्रेट बुद्धा पीस वार्ड थाईलैंड विजेता पवन ऐचांरा एवं छात्र नेता पवन गुर्जर और सांगानेर तहसील उपाध्यक्ष हीरा लाल जी मेवाड़ा संयोजक किशन शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


22/22 Kt. Hallmark
IDT
जगमगाते आभूषणों का संसार
गोल्ड एवं डायमंड ज्वैलरी की उत्कृष्ट श्रृंखला
RUKMANI JEWELLERS
Certified Diamond Jewellery | राजपूती गहनों की विस्तृत रेंज उपलब्ध | सिल्वर गिफ्ट आइटम | कुन्दन, मीना, पोलकी के जड़ाऊ सैट
SHAKUN
G-66-67, Shiv Shakti Paradise, Central Spine, Vidyadhar Nagar, Jaipur-302023 Ph.: 0141-2232441
E-mail : rukmanijewellers_jaipur@yahoo.com • Website : www.rukmanijewellers.com


Neuro Care Hospital
& Research Centre Pvt. Ltd.
WORLD CLASS NEURO FACILITY IN RAJASTHAN
Vision of Excellence
Mission to Save Lives
DIRECTOR
Dr. Nemi Chand Poonia
(MBBS, MS (Gen Surgery)
M.Ch. (Neuro Surgery)
NEURO CARE HOSPITAL
& Research Centre Pvt. Ltd.
Facility
- 13 Bedded ICU
- 24 Hrs. Ambulance Services
- 24x7 Medical Store Services
- 24x7 Emergency Services
- All Kinds of Neuro Surgery
- Round the Clock Lab/Digital X-ray
- C-Arm
- Neuro Endoscope for Cranial and Spinal Surgery
- Round the Clock C.T. Scan/M.R.I.
- Highly Equipped Critical Care Unit
- A.C. Deluxe/Super Deluxe Rooms
- Twin Sharing Deluxe Rooms
- World Class Modular Operation Theatre
- Neuro Navigation System "Cranial and Spinal Navigation."
- Haag Streit Surgical Operating Microscope Model-hs20-1000g
- Sonopet (CUSA)
1/611, SECTOR-1, VIDHYADHAR NAGAR, JAIPUR-302023 (RAJASTHAN) INDIA
Phone : +(91)-141-2236712, 9983300286, 9829115233 | Email : neurocare2013@gmail.com

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक विमला देवी के लिए पी.के. प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स, 31 पटेल नगर, 22 गोदाम, राम मंदिर जयपुर, जयपुर में मुद्रित एवं जी-48, सिने स्टार (सिटी स्टार), सेन्ट्रल स्पाईन, विद्याधर नगर, जयपुर -302039 से प्रकाशित।
सम्पादक : विमला देवी, E-Mail : safalraj2012@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर। मो. 8829966661, 9251166661, 9214466661